भ्रष्टाचार

चार साल में कुछ नहीं हुआ, अब एक महीना बचा है रिटायरमेंट में कथित तौर पर खड़े किए कई सवाल

# क्या संजय सिंह के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई सिर्फ ढकोसला बनकर रह गई!

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता तब कठघरे में खड़ी हो जाती है, जब रंगे हाथों पकड़ा गया एक अधिकारी खुलेआम व्यवस्था को चुनौती देता हुआ दिखाई दे। कटनी में वर्ष 2022 में 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़े नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह को लेकर अब जो चर्चाएं सामने आ रही हैं, उन्होंने पूरे सिस्टम की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

सूत्रों के अनुसार, जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने जा रहे संजय सिंह कथित तौर पर यह कहते नजर आ रहे हैं कि मेरी तो ऊपर तक सेटिंग है चार साल में मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए, अब एक महीना बचा है रिटायरमेंट में, आप क्या खाक कर पाओगे? यदि वास्तव में ऐसी बातें कही जा रही हैं, तो यह केवल एक अधिकारी का आत्मविश्वास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार विरोधी व्यवस्था के प्रति उसके मन में पैदा हो चुकी निर्भीकता और बेखौफ मानसिकता का संकेत है।

### लोकायुक्त की कार्रवाई पर उठे सवाल

मई 2022 में जबलपुर लोकायुक्त ने कटनी के बरगवां स्थित नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई करते हुए संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोप था कि धान मिलिंग एवं परिवहन के लगभग 20 लाख रुपये के बिल पास कराने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारी हुई, लेकिन इसके बाद चार साल तक चालान पेश नहीं हुआ।आश्चर्य की बात य है कि हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने क बाद लोकायुक्त जबलपुर द्वारा विभाग से अभियोजन की कार्यवाही हेतु विभाग को फाइल भेजी गई है।

### क्या कार्यवाही सिर्फ फोटो खिचाने तक सीमित

आम जन का कहना है कि यदि रंगे हाथ पकड़े गए मामलों में भी यही स्थिति है, तो फिर लोकायुक्त की कार्रवाई का डर आखिर किसे होगा? क्या कार्रवाई सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित है? लोकायुक्त ट्रैप की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। कैमरों के सामने नोट गिने जाते हैं, गिरफ्तारी होती है और भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता का दावा किया जाता है। लेकिन यदि वर्षों बाद भी आरोपी अधिकारी बिना किसी भय के व्यवस्था को चुनौती देता नजर आए, तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई सिर्फ एक दिन की सनसनी बनकर रह गई है? या फिर भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की धीमी गति ने यह संदेश दे दिया है कि समय निकाल लो, सब ठीक हो जाएगा?

### लोकायुक्त पर विश्वास करेगा तो करेगा कौन

जब एक आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करता है, तो वह अपनी पहचान, सुरक्षा और भविष्य की चिंता के बावजूद न्याय की उम्मीद में आगे आता है। लेकिन यदि रंगे हाथों पकड़े गए अधिकारी ही यह कहने लगें कि चार साल में कुछ नहीं हुआ, अब क्या होगा... तो फिर भविष्य में कौन शिकायत करने का साहस जुटाएगा? क्या कोई व्यापारी, किसान या आम नागरिक लोकायुक्त के पास जाने का जोखिम उठाएगा? क्या शिकायतकर्ता को यह भरोसा रहेगा कि न्याय समय पर मिलेगा?

### कई मामलों की लंबित फाइलें और बढ़ाते हैं चिंता

सूत्रों के अनुसार, अभियोजन स्वीकृति के अभाव में लोकायुक्त के अनेक भ्रष्टाचार संबंधी मामले वर्षों से लंबित पड़े हैं। कई मामलों में आरोपी अधिकारी सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं। यदि यही स्थिति बनी रही, तो भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल भाषणों और विज्ञापनों तक सीमित होकर रह जाएगी।

### तीखे सवाल, जिनका जवाब जरूरी

- आखिर लोकायुक्त विभाग ने चार साल तक फाइल क्यों दबाई
- विभाग लोकायुक्त की फाइल का इंतजार क्यों कर रहा था निलंबन की कार्रवाई क्यों नहीं हुई
- रिश्वतखोर अधिकारी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य क्यों करता रहा,
- भ्रष्ट अधिकारी को इतनी हिम्मत मिली कहां से?
- क्या यह हिम्मत इसलिए आई क्योंकि चार साल तक कुछ नहीं हुआ?
- क्या यह विश्वास विभागीय संरक्षण से पैदा हुआ?
- क्या अभियोजन स्वीकृति में देरी ने आरोपी को निर्भीक बना दिया?

### एक या दो दिन में संभवतः स्वीकृति प्रदान हो सकती है

हमारे पास आज ही फाइल आई है, हमारे एमडी का तबादला हो गया है, जल्द ही नये एमडी आएगें और वही अभियोजन की स्वीकृति देगें। एक या दो दिन में संभवतः स्वीकृति प्रदान हो सकती है।

-रितु चौहान, महाप्रबंधक नागरिक आपूति निगम भोपाल

## बेकाबू पिकअप ने बाइक और कार को टक्कर मारी, तीन घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत एलबीएस कालेज के पास एक बेकाबू पिकअप वाहन ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर पीछा करने पर दूसरी बाइक तथा कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार महुआखेड़ा निवासी 25 वर्षीय शिवम पटेल मोबाइल रिपेयरिंग का सामान लेकर बाइक से घर लौट रहा था। एलबीएस कॉलेज के पास पिकअप क्रमांक एमपी-34-जी-0719 के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए आगे जा रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार संजीव ठाकुर और संजीत भोजक घायल हो गए। घटना के बाद शिवम पिकअप का पीछा करने लगा। नुनसर तिराहे के पास पिकअप चालक ने उसकी बाइक को भी टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद पिकअप सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी-20-ज़ेडवाई-8247 से भी टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## री-नीट परीक्षा में व्यवस्थाओं की खुली पोल

तपती धूप में बैठे रहे अभिभावक, पेयजल और छाया तक नहीं मिली

**जबलपुर।** री-नीट परीक्षा के दौरान शासन और जिला प्रशासन द्वारा किए गए तमाम दावे धरातल पर खोखले साबित होते नजर आए। पेपर लीक की वजह से दोबारा आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों के साथ पहुंचे अभिभावकों को भीषण गर्मी के बीच घंटों खुले आसमान के नीचे इंतजार करना पड़ा। हालात ऐसे रहे कि कई लोग पेयजल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसते दिखाई दिए।

प्रशासन ने परीक्षा से पहले दावा किया था कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए टेंट, कूलर, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के बाद हकीकत कुछ और ही नजर आई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय सहित शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक सड़कों, फुटपाथों और पेड़ों की छांव में बैठकर समय बिताने को मजबूर रहे। तेज धूप और उमस भरे मौसम में लोग कागज, तौलिया और कपड़ों से हवा करते दिखाई दिए। कई बुजुर्ग और महिलाएं भी घंटों तक असुविधाजनक परिस्थितियों में बैठी रहीं।

**अभिभावकों में दिखा आक्रोश-** परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद अभिभावकों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि न तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था थी और न ही बैठने के लिए कोई समुचित इंतजाम किया गया था। अधिकारियों के दावे केवल कागजों तक सीमित रह गए, जबकि जमीनी स्तर पर सुविधाओं का अभाव साफ नजर आया। कईयों की गर्मी से बिगड़ी लोगों की तबीयत बिगड़ गई।

जिला पंचायत के लेखाधिकारी से कोषालय अधिकारी और अब पूर्व क्षेत्र कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी तक का सफर चर्चा में; नियमों के उल्लंघन का आरोप

## कोषालय अधिकारी को बना दिया सीएफओ, नियुक्ति पर उठे सवाल

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में तबादला और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अब मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) की नियुक्ति भी चर्चा का विषय बन गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कोषालय अधिकारी गौरीश कुमार को प्रतिनियुक्ति पर पूर्व क्षेत्र कंपनी में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में पदस्थ किया गया है, जिसको लेकर विभाग के भीतर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के मुताबिक, गौरीश कुमार पहले जिला पंचायत में लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद उन्हें कोषालय अधिकारी का प्रभार सौंपा गया था। अब प्रतिनियुक्ति पर उनकी नियुक्ति पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में किए जाने से कई अधिकारी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि मुख्य वित्तीय अधिकारी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण और तकनीकी प्रकृति का होता है तथा परंपरागत रूप से इस पद पर विद्युत मंडल अथवा विद्युत वितरण कंपनियों के वित्तीय संवर्ग के अनुभवी अधिकारियों की नियुक्ति की जाती रही है। ऐसे में बाहरी विभाग से प्रतिनियुक्ति पर की गई यह नियुक्ति चर्चा का विषय बनी हुई है।

हालांकि यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि यदि शासन स्तर से प्रतिनियुक्ति की विधिवत स्वीकृति प्राप्त हुई है तो नियुक्ति को नियमों के अनुरूप माना जा सकता है। लेकिन यदि सेवा नियमों में इस पद के लिए विशेष पात्रता और संवर्ग निर्धारित हैं, तो यह जांच का विषय बन सकता है कि नियुक्ति प्रक्रिया में उनका पालन किया गया या नहीं।

### उठ रहे बड़े सवाल

- क्या मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति से नियुक्ति का प्रावधान है?
- सीएफओ पद के लिए निर्धारित पात्रता और सेवा नियम क्या हैं?
- क्या विद्युत कंपनियों के वित्तीय संवर्ग के अधिकारियों की अनदेखी की गई?
- गौरीश कुमार की नियुक्ति शासन की स्वीकृति से हुई है या कंपनी स्तर पर?
- क्या यह नियुक्ति वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है या इसके पीछे कोई अन्य प्रशासनिक कारण हैं?

### नियुक्ति भोपाल से की गई है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकती

सी एफ ओ की नियुक्ति के लिए हमारे यहां से कोई प्रपोजल नहीं गया था, यह नियुक्ति भोपाल स्तर से की गई है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकती।

-सम्पदा सराफ गुर्जर
मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन मप्र पू क्षेत्र वि कंपनी

## निगमायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभागीय प्रमुखों की समीक्षा बैठक लेकर शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने लोक निर्माण, अधोसंरचना विकास, सड़क सुदृढ़ीकरण एवं लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता से समझौता किए बिना सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था, अमृत मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की तथा निर्बाध एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण प्रणाली को प्रभावी बनाने, फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव नियमित रूप से करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। साथ ही स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया को गति देने पर भी जोर दिया। निगमायुक्त ने अधिकारियों को धरातल पर नियमित निरीक्षण करने, कार्यों में समन्वय बनाए रखने तथा नागरिकों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

## शाही नाका मार्ग पर जर्जर भवन हटाया

**जबलपुर।** मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने गढ़ा शाही नाका रोड पर स्थित एक जर्जर भवन को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की है। निगमायुक्त रामप्रकाश



अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक-1 के अमले ने यह कार्रवाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी। संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र कौरव ने बताया कि श्रीमती मंजू कोष्टा का यह भवन मुख्य मार्ग पर स्थित था और उसकी जर्जर स्थिति राहगीरों तथा आसपास के निवासियों के लिए खतरा बन गई थी। बारिश के मौसम में भवन गिरने की आशंका को देखते हुए निगम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दल के दिग्दर्श सिंह, मिथलेश चौबे, ब्रज किशोर तिवारी, सुंदरलाल माड़वी और विकास कुशवाहा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी खतरनाक या जर्जर भवन की जानकारी तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## कैलाशधाम में पूजा-अर्चना और पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री प्रहलाद पटेल



**जबलपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार को शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। रांझी स्थित कैलाशधाम पहुंचकर उन्होंने स्वयंभू शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने पवित्र परशुराम कुंड का निरीक्षण भी किया तथा आगामी संस्कार कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जनपद पंचायत पनागर अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद मंत्री श्री पटेल आयुध निर्माणी खमरिया के एन-टाइप परिसर पहुंचे, जहां कर्मचारी संघों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पीपल, बरगद और नीम के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यावरण संवर्धन में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और हरित अभियान को भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण संकल्प बताया।

ओवररेटिंग के खेल में आबकारी अफसर और माफिया की साठगांठ

- आबकारी मंत्री के प्रभार वाले जिले में उपभोक्ताओं की जेब पर डाका, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

## शराब सिंडिकेट का 'सरगना' कौन?

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने के मामले में हरिभूमि के खुलासे के बाद अब इस पूरे खेल के पीछे कथित शराब सिंडिकेट की भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और आरोप लगाए जा रहे हैं कि विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर शराब कारोबारियों द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव पूरे मामले को और संदिग्ध बना रहा है।

### ओवररेटिंग बनी कमाई का जरिया

हरिभूमि फॉलोअप

सूत्रों के अनुसार जिले में शराब बिक्री का कारोबार केवल लाइसेंस और नियमों के भरोसे नहीं चल रहा, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के जरिए संचालित होने के आरोप सामने आ रहे हैं। विभागीय गलियारों में चर्चा है कि सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. संजीव दुबे और शराब कारोबारी आशीष शिवहरे के बीच कथित साठगांठ के चलते एक ऐसा तंत्र विकसित हुआ है, जिसने ओवररेटिंग को कमाई का स्थायी जरिया बना दिया है। आरोप हैं कि इसी कथित गठजोड़ के संरक्षण में जिले की कई दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

### आखिर क्या कर रहा विभाग

हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्षों की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सवाल यह है कि यदि शिकायतें लगातार मिल रही हैं तो फिर विभागीय स्तर पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही। उपभोक्ताओं का कहना है कि शराब खरीदने वाले लोगों से प्रतिदिन हजारों नहीं बल्कि लाखों रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

### धार-इंदौर से जबलपुर तक विवादों की छाया

डॉ. संजीव दुबे का नाम पूर्व में भी विवादों और शिकायतों के संदर्भ में चर्चा में रहा है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि धार और इंदौर में उनके कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठे थे। अब जबलपुर में भी शराब कारोबार को लेकर उन्हीं आरोपों की पुनरावृत्ति होने की चर्चा है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मंत्री के जिले में जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न

आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रभार वाले जिले में यदि उपभोक्ताओं से खुलेआम अधिक कीमत वसूली जा रही है और कथित सिंडिकेट के आरोप सामने आ रहे हैं, तो यह केवल विभागीय लापरवाही का विषय नहीं बल्कि शासन की साख से भी जुड़ा मामला बन जाता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार और वरिष्ठ अधिकारी इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कराते हैं या नहीं।

### सुलगते सवाल लेकिन जवाब नहीं

ओवररेटिंग की शिकायतों पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई? कितनी शराब दुकानों पर जांच और चालानी कार्रवाई की गई? कथित सिंडिकेट की भूमिका की जांच कौन करेगा? यदि आरोप निराधार हैं तो विभाग तथ्यों को सार्वजनिक क्यों नहीं करता? उपभोक्ताओं से वसूली गई अतिरिक्त रकम की जवाबदेही किसकी है? जबलपुर में शराब के ओवररेट खेल पर उठते सवाल अब केवल राजस्व या व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभागीय पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन चुके हैं।

### जवाब देने से बचते रहे जिम्मेदार

शराब ओवररेटिंग और कथित सिंडिकेट से जुड़े आरोपों पर पक्ष जानने के लिए सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. संजीव दुबे के मोबाइल नंबर 9425919588 तथा शराब कारोबारी आशीष शिवहरे के मोबाइल नंबर 9826728528 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। कई बार फोन लगाए जाने के बावजूद दोनों ने कॉल रिसीव नहीं की। आरोपों को लेकर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। ऐसे में मामले को लेकर उठ रहे सवाल और भी गहरे हो गए हैं।

राजस्व बटोरने की सरकारी योजना का विरोध : मंच ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

## होर्डिंग और यूनिपोल की संख्या बढाने का फरमान चिंताजनक

**जबलपुर।** जबलपुर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मध्यप्रदेश के शहरी क्षेत्रों में होर्डिंग और यूनिपोल की तादाद बढ़ाकर सरकारी खजाना भरने के नए प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है। मंच के मुताबिक जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में अनियंत्रित रूप से लगाए जा रहे इन होर्डिंग के कारण पूर्व में कई गंभीर सड़क हादसे भी घटित हो चुके हैं। उपभोक्ता मंच का कहना है कि बिना किसी ठोस योजना के विज्ञापनों का दायरा बढ़ाने से शहरी यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी और दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाएगी।

इसी सिलसिले में जबलपुर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रमुख पदाधिकारियों डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया और गीता पांडे ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को एक लिखित आपत्ति पत्र प्रेषित किया है। इस आधिकारिक पत्र के माध्यम से हालिया विभागीय समीक्षा बैठक में जारी किए गए आदेशों को नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक और चिंताजनक करार दिया गया है।

नागरिक उपभोक्ता मागदर्शक मंच के अनुसार वर्तमान समय में जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में लगाए गए होर्डिंग और यूनिपोल में आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इसकी जबलपुर में शीकायत कराई थी जस पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। इस दल ने जमीनी स्तर पर व्यापक छानबीन करने के उपरांत 13 जून 2025 को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर दी थी। बेहद चिंताजनक स्थिति यह है कि इस जांच रिपोर्ट को आए हुए पूरा 1 वर्ष का लंबा समय व्यतीत हो चुका है, किंतु जिम्मेदार उच्च पदस्थ अफसरों ने अब तक नियम तोड़ने वालों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की है। इसी प्रशासनिक ढिलाई के चलते शहरों में अवैध होर्डिंग का कारोबार लगातार बढ रहा है।

मंच ने पहले की घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि जबलपुर शहर के इलाहाबाद बैंक चौराहे के समीप 18 जनवरी 2025 को एक बेहद दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें एक नागरिक को असमय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। इस भीषण हादसे को बीते हुए 1 वर्ष से अधिक की समयावधि निकल चुकी है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है। इस बड़ी लापरवाही के चलते आज तक हादसे की वैधानिक जवाबदेही तय नहीं हो पाई और न ही शोक संतप्त परिवार को कोई इंसाफ मिल पाया है।उपभोक्ता मंच ने मांग की है कि जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में वर्तमान जमीनी हकीकत को देखते हुए राजस्व बढ़ाने के इस आत्मघाती फैसले पर पुनः विचार किया जाए।

# हाईकोर्ट से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को मिली राहत

## 13 साल पुराना भूमि पट्टा विवाद

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने सीहोर निवासी स्वतंत्रता सेनानी रमेश चंद्र मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए भूमि पट्टा मामले में राज्य शासन के आदेश निरस्त कर दिए हैं। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि वह याचिकाकर्ता के स्थायी पट्टे संबंधी आवेदन पर 60 दिन के भीतर नए सिरे से निर्णय ले। याचिकाकर्ता लंबे समय से अपने टिम्बर यार्ड के लिए भूमि का स्थायी पट्टा मांग रहे थे। वर्ष 2008 में कलेक्टर सीहोर ने लगभग 2400 वर्गफुट भूमि 30 वर्ष की लीज पर देने की अनुशंसा की थी, लेकिन शासन ने उनकी मांग अस्वीकार कर दी थी। इसके विरुद्ध उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। उनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व में हाई कोर्ट द्वारा निरस्त किए जा चुके आदेशों को ही आधार बनाकर अधिकारियों ने दोबारा दावा निरस्त कर दिया। कोर्ट ने पाया कि सक्षम प्राधिकारी ने कलेक्टर की अनुशंसा पर समुचित विचार नहीं किया। इसे विधि विरुद्ध मानते हुए कोर्ट ने संबंधित आदेश निरस्त कर दिए व 31 मार्च 2008 के प्रस्ताव के आधार पर प्रकरण का पुनर्विचार करने के निर्देश दिए।



## मेफेड्रोन बनाने के लिए फर्म के नाम पर मंगाए रसायन

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने मेफेड्रोन ड्रग्स के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों की खरीद और आपूर्ति से जुड़े मामले में गुजरात के व्यापारी महफूज महबूब खान की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि यह किसी व्यक्ति से थोड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ मिलने का मामला नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित संगठित ड्रग तस्करी नेटवर्क का प्रकरण है, जिसमें प्रत्येक आरोपी की भूमिका निर्धारित थी।कोर्ट के अनुसार डायरेक्टरेट आफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भोपाल में छापेमारी के दौरान 61.20 किलोग्राम लिक्विड मेफेड्रोन बरामद किया था, जो वाणिज्यिक मात्रा में है। जांच में सामने आया कि आवेदक की फर्म एमके इंटरप्राइजेज के नाम पर मोनो मिथाइल अमीन, मिथाइल डाइक्लोराइड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एसीटोन जैसे रसायन खरीदे गए, जिनका उपयोग मेफेड्रोन बनाने में किया गया। कोर्ट ने पाया कि फर्म को ऐसे रसायनों के व्यापार की अनुमति नहीं थी, फिर भी जीएसटी पंजीकरण का दुरुपयोग कर उनकी खरीद की गई। काल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और अन्य साक्ष्य आरोपित को ड्रग निर्माण की साजिश से जोड़ते हैं। न्यायालय ने कहा कि एनडीपीएस कानून का उद्देश्य पूरे ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करना है। लिहाजा, आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

## शैलेन्द्र कुमार रावत ने पमरे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया

**जबलपुर**। भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर्स सेवा के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र कुमार रावत ने पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया। श्री रावत ने आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में एम.टेक की उपाधि प्राप्त की है। लगभग 33 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आरडीएसओ तथा रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास तथा यांत्रिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में मुख्य उत्पादन अभियंता, मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक तथा आरडीएसओ में कार्यपालक निदेशक/ गुणवत्ता आश्वासन (यांत्रिक) के पद पर सेवायें प्रदान की हैं। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें विभिन्न अवसरों पर महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के रूप में श्री रावत पश्चिम मध्य रेलवे में यांत्रिक विभाग, रोलिंग स्टॉक अनुरक्षण, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों का नेतृत्व करेंगे।इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल सहित सभी विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों ने उन्हें नवीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।





## ज्योति राज करुणा सोसायटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**जबलपुर**। ज्योति राज करुणा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एड. शिवशंकर पाठक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु सोसायटी के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा श्री शंखेश्वर पार्श्व जैन मंदिर (सुप्तेश्वर गणेश मंदिर) परिसर रतननगर, जबलपुर में सेठ गोविंददास जिला अस्पताल विक्टोरिया के सानिध्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति की उपाध्यक्ष रानू शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान कर विक्टोरिया अस्पताल की ब्लड बैंक प्रभारी अमिता जैन को सौंपा गया। शिविर में एड. शिवशंकर पाठक, रानू शर्मा, विजय कुमार तिवारी, मंजू तिवारी, कौशर जहां, जतिन यादव, सौरभ गुप्ता, धनराज प्रजापति, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, आयुष दुबे, रत्नेश सैनी, देवीकला भट्टराई, अनीता पटेल, सामलीचंद्रा, अनिकेत दुबे, भुवन भट्टराई सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार मार्ग पर सड़क निर्माण में लापरवाही, वाहन फिसलने से बढ़ा हादसों का खतरा

**भेड़ाघाट**। भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार तक निर्माणाधीन सड़क में कथित लापरवाही और गुणवत्ता की अनदेखी से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली निर्माण के लिए की गई खुदाई की सही भराई न होने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार हाल ही में एक ऑटो पलटने की घटना भी सामने आई है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में न तो इंजीनियरिंग मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से मौके पर मौजूद रहता है। लोगों का कहना है कि 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रही लगभग 300 मीटर सड़क का कार्य कई महीनों से धीमी गति से चल रहा है तथा निर्माण कार्य में अनियमितताएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। कहीं सड़क चौड़ी तो कहीं सकरी बनाई जा रही है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और भेड़ाघाट चौराहा पर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने लोक निर्माण विभाग से मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात से पहले सड़क का कार्य



पूर्ण हो सके और पर्यटकों एवं आम नागरिकों को राहत मिल सके।

### जनेकृविवि में मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## प्राचीनकाल से योग सेहत का अहम सूत्रः कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन आंचलिक खेल परिसर 'जवाहर क्रीड़ांगन' में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में कृषिनगर निवासी भी योगाभ्यास में शामिल हुए। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि योग प्राचीनकाल से स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण सूत्र है। योग न केवल गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक है, बल्कि यह जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत कर रहा है।कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता कृषि एवं उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव सहित अनेक प्राध्यापक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हिन्दू मुस्लिम कमेटी ने मोहरम का लंगर किया तकसीम

**जबलपुर**। हर साल की तरह इस साल भी मोहरम शरीफ की 6 तारीख को जयंती कॉम्पलेक्स के पास हजरत बाबा फरीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह शरीफ की जानिब से लंगर का एहतमाम किया गया, यह लंगर पिछले कई वर्षों से लंगर हिन्दू मुस्लिम कमेटी द्वारा तकसीम किया जाता है। सुबह बाद नमाज फजर के दऊद खानी सलातो सलाम के बाद लंगर का एहतमाम किया गया एवं देश में अमन एवं खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर खादिम आरिफ बाबा, संयोजक मकसूद अली मक्कू भाई, अब्दुल सारिक सीलू, आमीर ताजी, अफजल भाई आदि उपस्थित रहे।

## योगमय मध्यप्रदेश का संदेशः साधकों ने लिया 365 दिन योग अभ्यास का संकल्प

**जबलपुर**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में अहिंसा योग फाउंडेशन समिति के साधकों ने भाग लेकर 365 दिन नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया। यह आयोजन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में जबलपुर में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम को कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं आयुष विभाग, मंत्रालय के सौजन्य से गरिमामय स्वरूप प्राप्त हुआ। योगाचार्य नवीन जैन के नेतृत्व में कंचन विहार के साधकों ने दो दिवसीय आयोजन एवं संबंधित बैठकों में सहभागिता कर योग के महत्व को आत्मसात किया। साधकों ने कहा कि यह आयोजन न केवल जबलपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है तथा इससे "योगमय मध्यप्रदेश" का संदेश विश्वभर में प्रसारित हुआ है। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से 365 दिन योग अभ्यास करेंगे और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएंगे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर महापौर जगत बहादुर सिंह ने दी शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी

**जबलपुर**। जबलपुर आगमन पर देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी धर्मपत्नी यामिनी सिंह के साथ सर्किट हाउस क्रमांक-1 में आत्मीय एवं गरिमामयी भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने जबलपुर की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माँ नर्मदा एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा महामहिम को भेंट की तथा नगर निगम द्वारा पिछले साढ़े तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं स्वच्छता संबंधी उपलब्धियों की पुस्तिका भी प्रस्तुत की। महापौर ने महामहिम को आगामी 20 दिसंबर को प्रस्तावित 'महापौर बीजारोपण' कार्यक्रम का



आमंत्रण भी दिया तथा नगर के विकास एवं जनभागीदारी आधारित आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 50 हजार नागरिकों की सहभागिता प्रस्तावित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जबलपुर नगर निगम के विकास कार्यों की सराहना की तथा आगामी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# गलत शपथपत्र देने वालों के ऊपर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सिहोरा**। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 के बाद से पैतृक संपत्ति के विभाजन में बेटों और बेटियों को बराबर का अधिकार दिया गया है। ऐसे मामलों में पुश्तैनी संपत्ति का बंटवारा आपसी सहमति से या कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दायर करके किया जा सकता है। लेकिन पिता की संपत्ति में बेटियों का अधिकार हमेशा से विवादित रहा है। कई दफा केवल पुत्रों द्वारा पिता की संपत्ति पर अधिकार कर लिया जाता है ओर बेटियों को उनका कोई हिस्सा अपने पिता की संपत्ति में प्राप्त नहीं होता है इसके लिए लोग तरह तरह की जुगत लगाने से भी नहीं चूकते।गत दिवस माननीय न्यायलय तहसीलदार सिहोरा के समक्ष फोती नामांतरण मामले में गलत कूटरचित एवं असत्य जानकारी शपथ पत्र प्रस्तुत करने की जानकारी लगने पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखा गया है

क्या है मामला रा०प्र०क० 2292 में आवेदक राकेश कुमार ने भूमि ख०न० 7/2 रकवा 0.405 हे० भूमि

### तहसीलदार ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को लिखा पत्र

राजस्व अभिलेख में नेमचंद पिता शंकर लाल जाति सिंघई के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार नेमचंद जैन का स्वर्गवास दिनांक 04/9/1994 हो जाने के कारण वारसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र,शपथ पत्र खसरा की नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया उक्त संबंध में हल्का पटवारी से जाचं प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा अपने जाच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि मोका जांच पंचनामा के पश्चात अन्य ग्रामवासियों से जानकारी ली गई उनके द्वारा बताया गया गया कि मृतक नेमचंद की दो पुत्रीयां भी है जिनका नाम आवेदक के द्वारा अपने शपथ पत्र में एवं मौके पर पंचनामा के दौरान जानबूझकर छुपाया गया है।इसी प्रकार आवेदक प्रभात ने प०ह०न० 104 रा०नि०म० खितौला तहसील सिहोरा में स्थित भूमि ख0न0 614/12, 619/3 रकया 0.0110, 0.5590 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में केशव प्रसाद पिता जागेश्वर प्रसाद के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार केशव प्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 25/12/2025 हो जाने के कारण वारसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया गया उक्त संबंध में हल्का पटवारी से जाचं प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा अपने जाच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि मौका जांच पंचनामा के पश्चात अन्य ग्रामवासियों से जानकारी ली गई उनके द्वारा बताया गया किआवेदक के मृतक भाई ओमप्रकाश के पुत्रों की जानकारी दी गई है जवकि दो पुत्रीयां भी है जिनका नाम आवेदक के द्वारा अपने शपथ पत्र. में एवं मौके पर पंचनामा के दौरान जानबूझकर छुपाया गया है। दोनों प्रकरण में तहसीलदार सिहोरा ने गलत शपथ पत्र देने वाले आवेदको के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को पत्र लिखा गया है।

## ब्राह्मण समाज सिहोरा का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 1 को

**सिहोरा**। ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 1 जुलाई को खितौला के माता महाकाली मंदिर में आयोजित होगा। परम श्रद्धेय गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य होने वाला यह समाज का 14 वां आयोजन है। समाज के उपाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जिन भी पालकों ने अपने बटुकों का पंजीयन पूर्व में कराया है वे तथा अन्य नवीन भी यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल हो सकते है।



### भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

## किसान को मिले गुणवत्ता वाली लाइट

**सिहोरा**। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के ऊर्जा आयाम द्वारा सिहोरा तहसील के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम गोसलपुर में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रुप से टिकारिया का ट्रांसफार्मर जल गया है। झांसी सबस्टेशन वोल्टेज नहीं मिल रहा है, पोडी मोड़ के 63 के वी ट्रांसफार्मर ओवरलोड है।ट्रांसफार्मर अर्थिंग सही न होने के कारण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। इसी प्रकार सिलुआ खजरी पिपरसरा एंव वेला के ट्रांसफार्मर से किसानों को गुणवत्ता युक्त बिजली नहीं मिल पा रही है।इसी प्रकार सिहोरा तहसील के अंतर्गत मझंगवा सबस्टेशन के लिए मरवारी 11 के वी लाइन खड़ी हो गई है परंतु लाइन कनेक्ट नहीं हुई है जिसके कारण 100 गांव में वोल्टेज की समस्या हल करवाने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रहलाद सिंह पटेल प्रांत महामंत्री,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर परोहा,जिला अध्यक्ष रामदास पटेल,जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल ,तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल शैलू,ग्राम समिति अध्यक्ष सुभाष पटेल,मेवा लाल पटेल,धर्मैन्द पटेल,टिकारिया ग्राम समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।





**श्रीमती उर्मिला वाजपेयी-** शीतलपुरी चेरीताल अग्रवाल बारात घर के निकट निवासी स्व. श्री भगवती धर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला वाजपेयी (97) का देहावसान हो गया। वे हिंदी एक्सप्रेस के संपादक, वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र वाजपेयी तथा बीएचईएल के पूर्व महाप्रबंधक अविनाश वाजपेयी की मातुश्री थीं। अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे रानीताल मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती मानवती तिवारी-** हाईकोर्ट सोसायटी छापर रापमुर निवासी स्व. श्री वैदेही लाल तिवारी की धर्मपत्नी तथा राजकुमार व कल्पना तिवारी की मातुश्री श्रीमती मानवती तिवारी (71) का निधन हो गया। वे विजय तिवारी की भाभी थीं। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रिका मरावी-** गौरीघाट पानी की टंकी के पास निवासी श्री राम चरण मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रिका मरावी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री पप्पू चौधरी- पचास क्वाटर्स ट्रांसपोर्ट नगर चंडाल भाटा निवासी श्री पप्पू चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती सिंधु बाई सिरसागर-** शिवाजी नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री मधुकर राव सिरसागर की धर्मपत्नी श्रीमती सिंधु बाई सिरसागर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शरद गर्ग-** बढ़ई मोहल्ला भानतलैया निवासी श्री शरद गर्ग (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हरी बाई कोष्टा-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री लीलाधर कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती ह री बाई कोष्टा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रानी वाजपेयी-** डिफेंस कॉलोनी सिविल लाइन निवासी डॉ. रविशंकर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती रानी वाजपेयी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मणिराज सिंह सोलंकी-** चौथ वाले बाबा के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मणिराज सिंह सोलंकी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश शर्मा-** हनुमानताल निवासी श्री ओम प्रकाश शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश शर्मा-** अधारताल निवासी श्री ओम प्रकाश शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देवराज कोरी-** सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री देवराज कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 5x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 5x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x4 से मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# राष्ट्रपति मुर्मू ने देखी चीता प्रदर्शनी, चीता कमांड कंट्रोल सेंट्रल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुनो नेशनल उद्यान के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के अवलोकन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को चीतों कि निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रपति ने चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर परिसर में चीता प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति पर लगाई गई प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कुनो में मौजूद है, तीन चीते गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर भेजे गए है।

**चीतों की निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी**

**सीसीफ, कलेक्टर, डीएफओ सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद**


चीता प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

इस मौके पर सीसीफ उत्तम कुमार, कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ आर थिरूकुराल आदि मौजूद रहे। कलेक्टर दाहिमा ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से चीता के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इस दौरान चीतों के लिए की गई सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। उन्हें बताया गया कि हर 2 किमी पर जंगल में वाटर पिट बनाए गए हैं, जिनमें अवश्यकतानुसार पानी भरवाया जाता है। उन्हें बोत्सवाना से लाए गए चीतों की गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान 8 चीते रिसीव किए गए थे जिन्हें कुनो लाया गया है।

### राष्ट्रपति की कूनो हेलीपैड पर प्रभारी मंत्री ने की अगवानी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपैड पर मिनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, पीसीसीफ शुभरंजन सेन, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौजन्य भेंट, स्मृति चिन्हों का हुआ आदान-प्रदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से जबलपुर सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस गरिमामयी मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संस्कृति व श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए जीवनदायिनी मां नर्मदा की बेहद सुंदर प्रतिमा भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुरी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की अलौकिक तस्वीर सप्रेम भेंट की।


राष्ट्रपति से भेंट करते मुख्यमंत्री।

ओडिशा की ऐतिहासिक धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर के विश्व प्रसिद्ध चक्र की भव्य प्रतिकृति भी उपहार स्वरूप प्रदान की।

## योगाभ्यास में राज्यपाल ने कहा: स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन

# पीएम मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का वैश्विक पटल पर कराया परिचयः सीएम

लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, भारत ने अपने ज्ञान-विवेक और विचार से सदैव सभी को एक-दूसरे से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, हमारी आध्यात्मिक चेतना और समृद्ध सनातन संस्कृति का वैश्विक पटल पर परिचय कराया है। प्रधानमंत्री ने जब वर्ष 2015 में विश्व योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सभा में रखा तो 175 से ज्यादा देशों ने इसका ऐतिहासिक समर्थन किया था। इस वर्ष सामूहिक योग सत्रों में करीब 30 से 35 करोड़ लोग शामिल हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने को योग से जोड़ने के लिए "हर घर योग अभियान" सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मप्र तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की।

**योगमय हुआ मप्र, अनिगनत साधकों ने किया योगाभ्यास**


योग करतीं राष्ट्रपति।

**विश्व कल्याण का आधार है योग: सीएम डॉ. यादव**


योग करते मुख्यमंत्री।

### संतुलित, सरल, आनंदमयी जीवन की पद्धति है योग


सामूहिक योगाभ्यास में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन को संतुलित, सरल और आनंदमयी बनाने की पद्धति है। योग ही स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने स्वस्थ जीवन का जो मार्ग दिखाया था, आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारतीय योग को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिया गया।

### मध्यप्रदेश है योगियों की तपोस्थली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश योगियों की तपोस्थली रही है। भगवान श्रीकृष्ण को मप्र की धरती पर योग का ज्ञान प्राप्त हुआ। मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संपन्नता गौरवशाली इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की,यहां उन्होंने 64 कला और 14 विद्याओं का गहन अध्ययन किया, इनमें योग विज्ञान सबसे प्रमुख था।

### बोट क्लब पर सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बोट क्लब पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में भोपालवासियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर योग के महत्व और स्वस्थ जीवन में उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

***भाजपा के योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में भोपालवासी हुए शामिल***



### सशक्त जीवन का संदेश



'योग फॉर हेल्दी ऐजिंग' रखी गई है, जो स्वस्थ, सक्रिय,आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर सभी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

### गोंदरमऊ को तीर्थस्थल के रूप में करेंगे विकसित

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि का जन्म भोपाल के गोंदरमऊ गांव में हुआ था, तो वह इस क्षेत्र को योग तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम प्राचीन संस्था योग अनुसंधान परिषद में आयोजित किया गया, जहां सांसद ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।



## पीएम के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

## पर्यटन निगम के अधिकारियों ने मिंटो हॉल में किया योग


लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के उद्बोधन का प्रसारण सुनते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मप्र पर्यटन बोर्ड की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने योग को विश्व शांति और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि योग सबको जोड़ता है, सबको साथ लाता है और जब योग हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

कार्यक्रम में मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी., अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर तथा संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अंकेश भदौरिया सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। सचिव पर्यटन एवं मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल स्वास्थ्य गतिविधि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं जीवन मूल्यों से जुड़ी समृद्ध विरासत का अभिन्न हिस्सा है। योग हमें अनुशासन, आत्मविश्वास सिखाता है।

### योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर आयोजित हुआ

पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ सेवा समिति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी उत्साह से योगाभ्यास किया। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में संत हिरदाराम आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की प्रशिक्षित टीम द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया।

## राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे थे मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में लिया भाग, 333 विकास कार्यों का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां शहर के स्टेट स्कूल में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन में उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 510 करोड़ 89 लाख 16 हजार रुपये की लागत वाले 333 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रगतिशील किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े किसानों को सम्मानित भी किया। साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रगतिशील किसान सम्मेलन के साथ 510 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। स्कूल खुलने के बाद विभिन्न स्कूलों में सामने आ रही समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि जहां भी व्यवस्थाओं में कमी की जानकारी मिलेगी, वहां सुधार किया जाएगा।

## 81 एटीएम, 62 पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद

## ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 81 एटीएम कार्ड, 62 बैंक पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई खुर्सीपार थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने की।

आरोपियों द्वारा गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाए जाते थे। इन खातों का उपयोग अवैध वित्तीय लेनदेन और ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए किया जा रहा था। आईपीएल सीजन के दौरान रांची (झारखंड) से इस नेटवर्क का संचालन किया गया और अन्ना रेड्डी ऑनलाइन बेटिंग एप्लीकेशन के



माध्यम से सट्टा कारोबार चलाया जा रहा था। दुर्ग ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि खुर्सीपार थाना पुलिस ने इस मामले में अजय मिश्रा निवासी सेक्टर-1, एवेन्यू सी, भिलाई, दीपक कुमार निवासी ग्राम नगदोई, जिला नालंदा (बिहार) और करण कुमार सिंह निवासी बालाजी नगर, खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों से एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, 13 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, 62 बैंक पासबुक, 81 एटीएम कार्ड और पांच चेकबुक बरामद किए हैं।

### घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई खेल मैदान, खुर्सीपार स्थित बिजली पोल के पास तीन युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालित कर रहे हैं। उनके पास बड़ी संख्या में बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य बैंकिंग दस्तावेज भी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों की पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और हार्ड डिस्क बरामद किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालन और अवैध वित्तीय लेनदेन में संलिप्त होने की बात स्वीकार की।

## मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया योग दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कंपनी मुख्यालय स्थित आस्था परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, संयुक्त निदेशक दीपक चौरासे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. गोयल सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा ने योग दिवस कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है।

## स्वस्थ जीवन शैली का लिया संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेश के श्रमिकों के कल्याण और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें योग से जुड़ने का विशेष आह्वान किया था। मंत्री पटेल के इस प्रेरक आह्वान का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला! अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के औद्योगिक और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।

प्रदेश के कुल 337 संस्थानों में 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन ने कहा कि योग किसी एक दिवस तक सीमित न होकर, श्रमिकों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि श्रमिक



प्रतिदिन योग से जुड़ें, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रह सकें। एक स्वस्थ और ऊर्जावान श्रमिक ही आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। श्रम विभाग और मप्र श्रम कल्याण मंडल के प्रयासों से आयोजित इस प्रदेश स्तरीय योग कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। श्रम मंत्री पटेल ने स्वयं जबलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रमिकों के साथ योग किया।

## आईएसआई एजेंट गिरफ्तार, दे रहा था संवेदनशील जानकारियां

वाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य सामग्री मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पंजाब के तरनतारन जिले के एक 23 वर्षीय युवक को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से गिरफ्तार किया गया है। उस पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान सेवक सिंह के रूप में हुई है। वह पाकिस्तान समर्थित आईएसआई नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में था। जांच के दौरान सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति संबंधी चर्चाएं भी सामने आई हैं। सिंह को अकलतरा कस्बे में किराएदार सत्यापन अभियान के दौरान



गिरफ्तार किया गया। सत्यापन के दौरान वह संदिग्ध पाया गया। उसके खिलाफ अकलतरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उसके मोबाइल फोन की जांच से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सामग्री मिली है। यह सामग्री आईएसआई नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों के साथ संचार का संकेत देती है।

## पौधरोपण कर दिया स्वस्थ एवं हरित भविष्य का सकारात्मक संदेश

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस परिवार ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धृति कल्याण शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से 25वीं वाहिनी के हॉल में योग कार्यक्रम एवं धृति 23वीं वाहिनी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, सकारात्मक जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय,भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस लाइन नेहरू नगर, 23वीं वाहिनी



विसबल, 25वीं वाहिनी विसबल, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल तथा झूला घर पुलिस मुख्यालय भोपाल से जुड़े पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देहात पुलिस का सामूहिक योगाभ्यास

भोपाल। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) पुलिस परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ आयु के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल (देहात) रेंज संजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक, भोपाल ग्रामीण रेंज राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय एवं एसडीओपी मंजू चौहान उपस्थित रहीं। योगाभ्यास का प्रशिक्षण लाइव प्रसारण एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कराया गया, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

# बरेला में भीषण सड़क हादसा

## ट्राला और अर्टिगा की जोरदार टक्कर में एक की मौत, पांच घायल

**जबलपुर। जिले के बरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा मंदिर नागा घाटी स्थित मंगलायतन कॉलेज के सामने सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्राला और अर्टिगा कार के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।**



जानकारी के अनुसार अर्टिगा कार में कुल सात लोग सवार थे, जो रायपुर में एक सगाई समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वाहन मंगलायतन कॉलेज के सामने पहुंचा, सामने से आ रहे ट्राला से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में राजेश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पीछे बैठे एक यात्री को सुरक्षित बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।




## विश्व योग दिवस पर खिलाड़ियों ने लिया विशेष योग प्रशिक्षण, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**जबलपुर**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मदन महल स्थित रॉक फोर्ट सॉफ्टसोल कंप्यूटर एकेडमी परिसर में मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी एवं क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व एवं उसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। योग प्रशिक्षिका सुश्री योग्यता बर्मन ने खिलाड़ियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं श्वसन क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा नियमित योग को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक रंजन शुक्ला ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक है।मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने कहा कि खेल और योग एक-दूसरे के पूरक हैं तथा योग खिलाड़ियों की एकाग्रता, अनुशासन और प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति सहित विभिन्न योगाभ्यासों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आनंद श्रीवास्तव, मानव राज यादव, चारु कश्यप, राजा कुशवाहा, कृतिका खियानी, गौरव कश्यप, मानवी यादव सहित अन्य सदस्य, खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में राजकुमार यादव ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# संगीत मत्स्यगंधा के प्रभावशाली मंचन से भावविभोर हुए दर्शक

### दिखा महाभारत काल के पात्रों की भावनाओं का संघर्ष



**जबलपुर**। महाराष्ट्र समाज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय मराठी संगीत नाट्य उत्सव के समापन दिवस पर विधायक द्वय अभिलाष पांडे एवं अशोक रोहाणी प्रमुख रूप से व्यस्तता के बावजूद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सबसे वरिष्ठ दर्शक तोपखानेवाले का स्वागत सम्मान स्थानीय विधायक अभिलाष पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मप्र मराठी अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले ने विगत दो वर्ष के कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। मंच पर अनिल राजुरकर, डॉ. बीके पानसे, डॉ. माणिक पानसे, पीपी फडणवीस आदि मंचसीन रहे। नाट्य उत्सव के समापन दिवस पर स्वर्गीय वसंत कानेटकर द्वारा लिखित "संगीत मत्स्यगंधा" नाटक का मंचन किया गया, जिसमें महाभारत-पूर्व कालखंड का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण किया गया है। नाटक में प्रतिज्ञाबद्ध देवव्रत अर्थात भीष्म, महत्वाकांक्षी धीवर-कन्या सत्यवती, सत्यवती के प्रेम में पूर्णतः निमग्न महाराज शांतनु तथा उसी सत्यवती से प्रेम कर उसे गर्भवती छोड़ तपस्या हेतु हिमालय प्रस्थान करने वाले ऋषि पराशर की भावनाओं, संघर्षों और संबंधों की जटिलता का भावपूर्ण मंचन संगीत मत्स्यगंधा नाटक के कलाकारों ने किया, जिससे दर्शक भावविभोर हो गये।



### मुक्ता मिश्रा को दो स्वर्ण पदक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से मिला सम्मान

**जबलपुर**। ग्वारीघाट निवासी श्रीमती मुक्ता मिश्रा, धर्मपत्नी श्री सुबोध मिश्रा, ने वर्ष 2022 में प्राचीन इतिहास विषय में एम.ए. की उपाधि प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। अपनी असाधारण सफलता के लिए उन्हें दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। श्रीमती मिश्रा को एक स्वर्ण पदक इतिहास विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने तथा दूसरा स्वर्ण पदक महिला विद्यार्थियों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन एवं विद्वत्ता का प्रतीक है, जो अन्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# बिजली विभाग की नाकामी के खिलाफ कांग्रेस का विशाल जनआंदोलन, विधायक लखन घनघोरिया ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। पूर्व विधानसभा क्षेत्र एवं शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत व्यवस्था, त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों और उपभोक्ताओं की समस्याओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में रविवार को विशाल जनआंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों, कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने, जर्जर पोल एवं तार बदलने, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने, स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतों का निराकरण करने तथा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर कांग्रेस और जनता मिलकर और व्यापक आंदोलन करेगी। विधायक श्री घनघोरिया ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से आमजन लंबे समय से परेशान हैं और अब जनता अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार है। आंदोलन में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कदीर सोनी, रूपेंद्र पटेल, सतीष उपाध्याय, अनुराग गढ़वाल, जतिन राज, कलीम खान, संजय साहू, गुलाम हुसैन, राकेश पांडे, जीतू ठाकुर, कल्लन गुप्ता, डॉ. रामाकांत रावत, प्रमोद पटेल, याकूब अंसारी, आसिफ इकबाल, अभिषेक चंदेल, असित यादव 'रिंकू', संजय अहिरवार, इस्तियाक अहमद अंसारी, जहूर खान, राजेश दीवान, गुड्डू नवी, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, सोनू कुकरेले, पारस जैन, सागर शुक्ला, सहित हजारों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## सेंट मैरी हा.से. स्कूल वीएफजे में स्टाफ व विद्यार्थियों ने किया योग

**जबलपुर**। सेंट मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल वीएफजे जबलपुर ने 21 जून 2026 को स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। यह दिवस विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समग्र विकास के लिए दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डालना था। समारोह की शुरुआत सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व के बारे में संक्षिप्त परिचय के साथ हुई। स्कूल के उपाध्यक्ष रेव. फादर अब्राहम पीजे और प्रिंसिपल मिनाती एस चार्ल्स ने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से एकाग्रता बढ़ाने, अनुशासन विकसित करने और तनाव को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग प्रशिक्षक अपूर्वा ने एक व्यापक सामूहिक योग सत्र का नेतृत्व किया। विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार सहित कई वार्म-अप अभ्यासों और मूलभूत आसनों का अभ्यास किया। योग सत्र में नियंत्रित श्वांस तकनीक (प्राणायाम) और मन को शांत करने के लिए एक संक्षिप्त निर्देशित ध्यान सत्र भी शामिल था। कार्यक्रम का सफल समापन कार्यक्रम प्रभारी प्रिया भाटिया द्वारा दिए गए धन्यवाद भाषण और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय में मनाया गया योग दिवस



**जबलपुर**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय, जबलपुर में "योग एवं ध्यान" कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ़ लिविंग के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आंचलिक प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास ऋतु राज असाटी (मुख्य योगाचार्य) के नेतृत्व में किया। विकास कुमार जायसवाल (अंचल प्रबंधक) ने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। मुख्य प्रबन्धक अशोक कुमार चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली एवं योग के व्यापक प्रसार के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक के अन्य रिटायर्ड स्टॉफ भी उपस्थित रहे।



## पनागर विधायक ने महाराजपुर व सुहागी में वितरित किए स्वीकृति पत्र

**जबलपुर**। पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 75, 77 तथा सुहागी-महाराजपुर क्षेत्र में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी 'इन्दू' उपस्थित रहे, जहां उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए।शिविर के दौरान विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता पनागर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# स्व. पं. काशीनाथ शर्मा के नाम हुआ मार्ग का नामकरण

### सिविल लाइन से साईं मंदिर तक मार्ग को मिली नई पहचान




**जबलपुर**। शहर की निष्पक्ष एवं मूल्य आधारित पत्रकारिता के प्रतीक स्व. पंडित काशीनाथ शर्मा की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा सिविल लाइन चौराहा से साईं मंदिर तक के मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया गया। अब यह मार्ग "पंडित काशीनाथ शर्मा मार्ग" के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर जबलपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित समारोह में मार्ग का लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा किया गया। अतिथियों ने स्व. शर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि स्व. पंडित काशीनाथ शर्मा ने जीवनभर निडर, निष्पक्ष और मूल्य आधारित पत्रकारिता की। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उन्हें समाज का दर्पण बताते हुए युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि वे पत्रकारिता के साथ-साथ सभी के सुख-दुख में सहभागी रहने वाले व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, जे.डी.ए. अध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, आलोक मिश्रा, श्याम कन्नौजिया, सोनू बचवानी, पत्रकार संघ अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन परितोष वर्मा ने किया।



## म.प्र. के 5 लाख पेंशनर्स की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनर्स की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण में हो रही देरी पर पेंशनर्स ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पेंशनर्स का कहना है कि महंगाई राहत, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आर्थिक लाभों का समय पर भुगतान नहीं होने से उनमें निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। पेंशनर्स ने प्रमुख मांगों में म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स पर प्रस्तावित 4 प्रतिशत प्रीमियम का पुनर्विचार करने, सभी आर्थिक लाभ एवं एरियर का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, छठवें एवं सातवें वेतनमान सहित कोरोना काल के लंबित एरियर का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने, 80 वर्ष के स्थान पर 79 वर्ष पूर्ण होने पर अतिरिक्त पेंशन लाभ देने तथा कर्मचारियों की भांति उपादान राशि प्रदान करने की मांग की। पेंशनर्स ने राज्य सरकार से उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र समाधान करने की अपील की। इस अवसर पर वी.पी. शुक्ला, डॉ. अरुण पांडे, डॉ. ए.के. गौर, डी. शर्मा, डॉ. पांडे, अशोक शिवहरे, के.के. शुक्ला, सतीश, रजनी राठौर, सुशीला पटेल, अजीत मिश्रा, प्रफुल टिहरी, मोहन विश्वकर्मा, शैलेंद्र रजक, सियाराम विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**
**रा.प्र.क्र 310/ अ-6/ 2026-27**
**// आम इश्तहार //**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण दास पाहुजा (अन्य) पिता श्री दरियानामल पाहुजा निवासी- 610, छोटी ओमती जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं.97, प्लॉट नं.12/18 रकवा 1662 व.फु./ हे. ग्राम बेलबाग, प.ह.नं.... खसरा नं...... रकवा 1662 व.फु./ हे. पर विक्रयपत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक......
मृत्यु दिनांक 03/05/2001
21/02/2006 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र........ खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार..... नजूल ब्लॉक नं.97, प्लॉट नं. 12/18....... रकवा 1662 व.फु./ हे. ग्राम बेलबाग, प.ह.नं.... खसरा नं..... रकवा 1662 व.फु./ हे. पर .... के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/06/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**जारी दिनांक 07/05/2026**
**पेशी दिनांक 25/06/2026**

मुहर

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-09
दिनांक :- 22/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया देवी नाग्देव पति श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 12/1/GF/S-1 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 198 व.फु व्यावसायिक स्वंय निर्मित क्षेत्रफल 198 व.फ़ु, भूतल 198 व.फ़ु व्यावसायिक स्वंय दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-10
दिनांक :- 22/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेश नाग्देव पिता श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 392 वार्ड पं मदन मोहन मालवीय कुल क्षेत्रफल 508.65 व.फ़ु निर्मित क्षेत्रफल 896 व.फ़ु., भूतल 216 व.फ़ु Resi., 292 व.फ़ु Com., प्रथमतल 388 व.फ़ु Resi. दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर